**NEWS CLIPPING: 16.05.2018**

the pioneer
FRIDAY, 18 MAY 2018 | 11:48:02 AM

STATE EDITIONS

# YMCA SIGNS MOU WITH NSIC TO IMPART TRAINING TO STUDENTS

*Wednesday, 16 May 2018 | PNS | Chandigarh | in Chandigarh*

In a bid to impart advance industry centric training progammes to the students, the YMCA University of Science and Technology, Faridabad has signed an MoU with National Small Industries Corporation Ltd (NSIC).

The students will be imparted training at NSIC's Technical Service Centre at Neemka in Faridabad.

The MoU was signed by Vikram Singh, Dean (Academics Affairs), YMCA University and Rajesh Kumar, Deputy General Manager, NSIC-TSC, Neemka in the presence of Prof. Dinesh Kumar, Vice Chancellor of the University.

Speaking on this occasion, Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar said that with this academic tie-up, the University's aim is to impart skill based training to the student as per industry requirement which is necessary for employment. The industry requires students who are readily employable which would be possible only if they were trained as per industry requirements and students need to upgrade their knowledge as per technology demands, he added.

**NEWS CLIPPING: 16.05.2018**

**DAILY POST**

## Short Stories

### Industry centric training

**CHANDIGARH:** The YMCA University of Science and Technology, Faridabad has signed an MoU with National Small Industries Corporation Limited for imparting advance industry centric training progammees to its students at NSIC's Technical Service Centre, Neemka in Faridabad. The MoU was signed by Dean YMCA University (Academics Affairs) Dr Vikram Singh, and Deputy General Manager, NSIC-TSC, Neemka Rajesh Kumar, in the presence of Vice Chancellor YMCA Prof Dinesh Kumar, Registrar Dr Rashmi Popli and Director Alumni and Corporate Affairs Dr Sanjeev Goyal were also present on the occasion. Speaking on the occasion, Vice Chancellor Prof Dinesh Kumar said that with this academic tie-up, the university aims to impart skill based training to the student as per industry requirement which is necessary for employment. Industry requires students who are readily employable which would be possible only if they were trained as per the requirements and students need to upgrade their knowledge as per technology demands, he added. Vice Chancellor also suggested to explore possibilities to introduce skill development programmes under Community College run by the university in collaboration with NSIC-TSC. DP

**NEWS CLIPPING: 16.05.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# वाईएमसीए ने एनएसआइसी से किया अकादमिक समझौता

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद:** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप उन्नत प्रशिक्षण देने के लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एनएसआइसी) के साथ अकादमिक समझौता किया है। समझौते के तहत निगम के नीमका स्थित तकनीकी सेवा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय की ओर से अकादमिक डीन डॉ.विक्रम सिंह और निगम की ओर से उपमहाप्रबंधक राजेश कुमार ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थित में समझौते पर हस्ताक्षर किए।

कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एसके शर्मा, इंडस्ट्री रिलेशंस के निदेशक डॉ. रश्मि पोपली और एलुमनी व कारपोरेट अफेयर के निदेशक डॉ.संजीव गोयल भी उपस्थित थे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस अकादमिक समझौते से विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करना है जोकि उनके रोजगार एवं करियर के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि उद्योगों को रोजगार के लिए तैयार कार्यबल की आवश्यकता होता है और यह तभी संभव है, जब विद्यार्थी औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार करें और तकनीकी जरूरतों के अनुरूप अपनी जानकारी को बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि समझौते का लाभ ऐसे विद्यार्थियों को होगा, जिन्हें किसी कारण से औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसर नहीं मिल पाते, लेकिन निगम द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम से उनकी ऐसी जरूरतें पूरी हो सकेंगी। कुलपति ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कम्युनिटी कालेज के अंतर्गत निगम के सहयोग से कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू करने का भी सुझाव दिया। निगम के उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने कुलपति को अवगत करवाया कि राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अधीन देश तथा विदेशों में एमएसएमई के प्रोत्साहन तथा सहयोग की दिशा में कार्य करता आ रहा है।



वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान करते हुए डॉ.विक्रम सिंह व राजेश कुमार ● जागरण

**NEWS CLIPPING: 16.05.2018**

**PUNJAB KESARI (DELHI)**

# वाईएमसीए ने किया राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम से समझौता

**फरीदाबाद**, राकेश देव ब्यूरो चीफ (पंजाब केसरी): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद ने विद्यार्थियों को औद्योगिक जरूरों के अनुरूप उन्नत प्रशिक्षण देने के दृष्टिगत राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के साथ एक अकादमिक समझौता किया है, जिसके अंतर्गत निगम के नीमका, फरीदाबाद स्थित तकनीकी सेवा केन्द्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। वाईएमसीए विश्वविद्यालय की ओर से डीन अकादमिक डॉ विक्रम सिंह तथा निगम की ओर से उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने कुलपति प्रो दिनेश कुमार की उपस्थित में समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ एस के शर्मा, निदेशक, इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ रश्मि पोपली तथा निदेशक, एलुमनी व कारपोरेट अफेयर डॉ संजीव गोयल भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि इस अकादमिक समझौते से विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करना है जोकि उनके रोजगार एवं करियर के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि उद्योगों को रोजगार के लिए तैयार कार्यबल की आवश्यकता होता है और यह तभी



कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान करते हुए अधिकारी। (छाया:राकेश देव)

संभव हैए जब विद्यार्थी औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार करें और तकनीकी जरूरतों के अनुरूप अपने जानकारी को बढ़ाये। उन्होंने कहा कि समझौते का लाभ ऐसे विद्यार्थियों होगाए जिन्हें किसी कारण से औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसर नहीं मिल पातेए लेकिन निगम द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम से उनकी ऐसी जरूरतें पूरी हो सकेंगी। कुलपति ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कम्युनिटी कालेज के अंतर्गत निगम के सहयोग से कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू करने का भी सुझाव दिया। निगम के उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने कुलपति को अवगत करवाया कि राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड केन्द्र सरकार के सूक्ष्मए लघु तथा मध्यम उद्यम एमएसएमई मंत्रालय के अधीन देश तथा विदेशों में एमएसएमई के प्रोत्साहन तथा सहयोग की दिशा में कार्य करता आ रहा है और निगम का नीमका स्थित तकनीकी सेवा केन्द्र में अत्याधुनिक ढांचागत सुविधाएं विकसित की गई है, जो उद्यम की चाह रखने वाले विद्यार्थियों की पारम्परागत से लेकर उन्नत प्रशिक्षण एवं कौशल विकास जरूरतों पूरा करते हुए उन्हें रोजगार तथा स्व:रोजगार के अवसरों के लिए सक्षम बनाता है। इसके अलावाए केन्द्र में इंक्यूबेशन सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है, जहां विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की मशीनों तथा प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर प्रदान किया जाता है तथा उनके बिजनेस आइडिया को सफल उद्यम में बदलने के लिए सहयोग दिया जाता है।

**PUNJAB KESARI**

## वाईएमसीए विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम से समझौता

# छात्रों को औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप देंगे प्रशिक्षण

फरीदाबादए 15 मई (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद ने विद्यार्थियों को औद्योगिक जरूरों के अनुरूप उन्नत प्रशिक्षण देने के दृष्टिगत राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के साथ एक अकादमिक समझौता किया है, जिसके अंतर्गत निगम के नीमका, फरीदाबाद स्थित तकनीकी सेवा केंद्र द्वारा विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय की ओर से डीन (अकादमिक) डॉ विक्रम सिंह तथा निगम की ओर से उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने कुलपति प्रो दिनेश कुमार की उपस्थित में



*समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान करते अधिकारी।*

समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ एसके शर्मा, निदेशक, इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ रश्मि पोपली तथा निदेशक, एलुमनी व कारपोरेट अफेयर डॉ संजीव गोयल भी उपस्थित थे। इस अवसर परकुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि इस अकादमिक समझौते से विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि उद्योगों को रोजगार के लिए तैयार कार्यबल की आवश्यकता होता है और यह तभी संभव है, जब विद्यार्थी औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार करें और तकनीकी जरूरतों के अनुरूप अपने जानकारी को बढ़ाए। उन्होंने कहा कि समझौते का लाभ ऐसे विद्यार्थियों होगाए जिन्हें किसी कारण से औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसर नहीं मिल पाते, लेकिन निगम द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम से उनकी ऐसी जरूरतें पूरी हो सकेंगी। कुलपति ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कम्युनिटी कालेज के अंतर्गत निगम के सहयोग से कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू करने का भी सुझाव दिया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Wed, 16 May 2018 epaper.punjabkesari.in/c/28706094

**NEWS CLIPPING: 16.05.2018**

**HINDUSTAN**

# छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण मिलेगा

**अवसर**

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

**समझौता**

- वाईएमसीए विवि ने लघु उद्योग से किया अनुबंध
- रोजगार एवं करियर के लिए विकल्प चुनने में सहूलियत होगी

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को औद्योगिक क्षेत्रों में जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित करने के लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड से समझौता किया है।

इसके तहत निगम के नीमका और तकनीकी सेवा केंद्र की ओर से विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के एकेडमिक डीन डॉ. विक्रम सिंह ने दी।

उन्होंने बताया इस समझौते पर लघु उद्योग निगम के उप महाप्रबंधक राजेश कुमार और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा कुलसचिव डॉ. एसके शर्मा, उद्योग संबंध की निदेशक डॉ. रश्मि पोपली, पूर्व और उद्योग संबंध के निदेशक डॉ. संजीव गोयल आदि भी मौजूद थे।

उनका कहना था कि अकादमिक समझौते से विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करना है। इसके माध्यम से उन्हें रोजगार एवं करियर के लिए विकल्प चुनने में सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि इस समझौते का लाभ ऐसे विद्यार्थियों को मिलेगा, जिन्हें किसी कारण से औद्योगिक प्रशिक्षण में मौका नहीं मिल पाता है। लेकिन निगम की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम से उनकी ऐसी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है।

इस मौके पर कुलपति ने बताया कि जल्द ही विश्वविद्यालय की ओर से संचालित कम्युनिटी कालेज के अंतर्गत राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के सहयोग से कौशल विकास पाठ्यक्रम को भी शुरू किया जा सकता है। निगम के उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अधीन देश तथा विदेशों में एमएसएमई के प्रोत्साहन तथा सहयोग की दिशा में कार्य करते आ रहा है।

# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 16.05.2018**

**HADOTI ADHIKAR**



कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान करते हुए अधिकारी।

# वाईएमसीए विवि का राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम से समझौता

## निगम विद्यार्थियों को औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करेगा

अधिकार संवाददाता

फरीदाबाद, 15 मई। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को औद्योगिक जरूरों के अनुरूप उन्नत प्रशिक्षण देने के दृष्टिगत राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के साथ एक अकादमिक समझौता किया है, जिसके अंतर्गत निगम के नीमका स्थित तकनीकी सेवा केन्द्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय की ओर से डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह तथा निगम की ओर से उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थित में समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. शर्मा, निदेशक, इंडस्ट्री रिलेशन्स डॉ. रश्मि पोपली तथा निदेशक, एलुमनी व कारपोरेट अफेयर डॉ. संजीव गोयल भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस अकादमिक समझौते का उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करना है जोकि उनके रोजगार एवं करियर के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि उद्योगों को रोजगार के लिए तैयार कार्यबल की आवश्यकता होती है और यह तभी संभव है, जब विद्यार्थी औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप खुद को तैयार करें और तकनीकी जरूरतों के अनुरूप अपने जानकारी को बढ़ाए। उन्होंने कहा कि समझौते का लाभ ऐसे विद्यार्थियों को होगा, जिन्हें किसी कारण से औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसर नहीं मिल पाते, लेकिन निगम द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम से उनकी ऐसी जरूरतें पूरी हो सकेंगी। कुलपति ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कम्युनिटी कालेज के अंतर्गत निगम के सहयोग से कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू करने का भी सुझाव दिया।

निगम के उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने कुलपति को अवगत करवाया कि राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड केन्द्र सरकार के सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अधीन देश तथा विदेशों में एमएसएमई के प्रोत्साहन तथा सहयोग की दिशा में कार्य करता आ रहा है और निगम के नीमका स्थित तकनीकी सेवा केन्द्र में अत्याधुनिक ढांचागत सुविधाएं विकसित की गई है, जो उद्यम की चाह रखने वाले विद्यार्थियों को पारम्परागत से लेकर उन्नत प्रशिक्षण एवं कौशल विकास जरूरतों पूरा करते हुए उन्हें रोजगार तथा स्व:रोजगार के अवसरों के लिए सक्षम बनाता है। उन्होंने बताया कि केन्द्र में लौह, गैर-लौह, मिश्रित तथा विशिष्ट धातु के यांत्रिक तथा रासायनिक गुणों के परीक्षण के लिए उन्नत मशीनों की सुविधाएं है। इसके अलावा, केन्द्र में इंक्यूबेशन सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं, जहां विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की मशीनों तथा प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर प्रदान किया जाता है तथा उनके बिजनेस आइडिया को सफल उद्यम में बदलने के लिए सहयोग दिया जाता है।

**NEWS CLIPPING: 16.05.2018**

**NAVBHARAT TIMES**

# समझौता हुआ

**प्रस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों की औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप उन्नत प्रशिक्षण देने के लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड के साथ अकैडमिक समझौता किया। इसके अंतर्गत निगम के नीमका फरीदाबाद स्थित तकनीकी सेवा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वाईएमसीए विश्वविद्यालय की ओर से डीन डॉ. विक्रम सिंह और निगम की ओर से उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**NEWS CLIPPING: 16.05.2018**

**DAINIK BHASKAR**

# लघु उद्योग निगम वाईएमसीए के विद्यार्थियों को देगा प्रशिक्षण

फरीदाबाद | वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण देने के लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के साथ समझौता किया है। इसके तहत निगम के नीमका गांव स्थित तकनीकी सेवा केंद्र द्वारा विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वाईएमसीए विश्वविद्यालय की ओर से डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह व निगम की ओर से उपमहाप्रबंधक राजेश कुमार ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किए।